हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 सितंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र शुरू: पहले दिन...



07 153 लोगों पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए ...



## खबर संक्षेप में

### शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए 30 तक बढ़ाई गई अंतिम तिथि

**सीहोर।** सीहोर स्थित शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025 के लिए पहले आओ पहले पाओ राउंड की अंतिम तिथी 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथी 20 सितंबर निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सीहोर शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 सितंबर से पहले आवेदन कर सकते हैं। पहले आओ पहले पाओ राउण्ड के तहत अभ्यर्थियों के नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार के लिए पोर्टल चालू है। अभ्यर्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं। सभी रजिस्टर्ड कैंडिडेट को प्रवेश के लिए च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाइस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है, इसलिए अभ्यर्थी सावधानी पूर्वक आईटीआई एवं व्यवसाय का चयन करें। च्वाईस फिलिंग करने के पहले आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लें। अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए 50 रुपये का भुगतान कर च्वाइस लॉक करना होगा, तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश के लिए समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा।

### 24 को बुधनी रेलवे स्टेशन से तिरूपति तीर्थ के रवाना होगी विशेष ट्रेन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार 24 सितंबर से 29 सितंबर तक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को तिरूपति की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के यात्रियों के लिए तिरूपति तीर्थ यात्रा ट्रेन का बोर्डिंग स्टेशन बुधनी है। जिले के सभी चयनित तीर्थ बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और बुधनी रेलवे स्टेशन से तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार तीर्थ यात्रा के लिए चयनित सभी तीर्थ यात्रियों को बस द्वारा बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचाया जाएगा। इसके पश्चात बुधनी रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन से तीर्थ यात्री तिरूपति की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी नगर पालिका, नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तीर्थ यात्रियों को निर्धारित समय पर जनपद कार्यालय में एकत्रित कर रेलवे स्टेशन भिजवाने की व्यवस्था करें।

## माता रानी को छप्पन भोग लगाकर व कन्या पूजन कर किया शुभारंभ

# मां बगलामुखी के आंगन में पीतांबरा सेवा समिति का भंडारा हुआ प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा माता रानी को 56 भोग लगाकर एवं कन्यापूजन कर निःशुल्क भंडारे का शुभारंभ किया गया। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा प्रातः भंडारा परिसर में कलश स्थापना कर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। जिसके पश्च्यात माता रानी के चित्र के समक्ष हवन किया गया। प्रातः 10 बजे समिति सदस्य ढोल ढमाकों के साथ माता के जयकारे लगाते नाचते हुवे छप्पन भोग लेकर मां के दरबार मे पहुंचे। जहाँ माता रानी को चुनर व श्रृंगार की वस्तुएं समर्पित कर छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था।

छप्पन भोग लगाने के उपरांत समिति द्वारा भंडारा परिसर में विशाल कन्या भोज व कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कन्या पूजन के उपरांत समस्त कन्याओं को उपहार भेंट किये गए। कन्या पूजन के बाद आम भक्तों के लिए भंडारे का शुभारंभ किया गया। माता बगलामुखी को लगाए गए 56 भोग व माता की आरती में पधारे टीकोन धाम के परम पूज्य गुरुदेव शिवनारायणजी पाटीदार का



माता के मुख्य पुजारी गोपालदासजी पंडा द्वारा स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर सुसनेर विधायक भैरोसिंह परिहार सहित बाबारी भक्त मौजूद रहे। गुरुदेव द्वारा भंडारा स्थल पहुंचकर कन्या पूजन भी किया गया।

### भंडारे में लाभार्थी परिवार का किया सम्मान

मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में नवरात्रि के प्रथम दिवस सोमवार को आयोजित भंडारे के लाभार्थी परिवार का समिति सदस्यों द्वारा सम्मान कर मां बगलामुखी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।

### पीताम्बरा सिद्धपीठ पर घट स्थापना के साथ प्रारंभ हुई शक्ति की भक्ति

**नलखेड़ा।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर घट स्थापना के साथ ही शक्ति की भक्ति व आराधना प्रारम्भ हुई। प्रथम दिवस हजारों भक्तों द्वारा दर्शन लाभ प्राप्त किये गए। सोमवार को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन मां बगलामुखी मंदिर पर शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर ज्वारे बोए गए। प्रातः 6 बजे माता की मंगलाराती के साथ ही भक्तों की आराधना का दौर प्रारम्भ हो गया। मंगलाराती में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। आरती के पश्च्यात से ही दर्शनार्थियों की कतार लगना प्रारम्भ हो गई थी। दर्शन पश्च्यात कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में मनोकामना पूर्ति एवं परिवार में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ हवन अनुष्ठान भी किये गए।

#### मंदिर पर की गई आकर्षक पुष्प सज्जा

शारदीय नवरात्रि पर्व पर सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर आकर्षक पुष्प सज्जा की गई है। ताजा फूलों से सज्जित मंदिर परिसर फूलों की महक से महक रहा था।





## स्थान-स्थान पर की पूजा-अर्चना

# महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल समाज ने निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा नगर में चल समारोह निकाला किया गया, जो प्रमुख मार्गों से होता कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां पर समाजजनों द्वारा महाराजा अग्रसेन की सामूहिक आरती कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। सोमवार को नगर के चौथमल जी के मंदिर के सामने से समाजवाद के अग्रदूत, युग पुरुष, महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के अवसर पर एक चल समारोह ढोल-ढमाके व बैंड- बाजों के साथ प्रारम्भ हुआ। चल समारोह में आगे-आगे समाज के बालक-बालिकाएं अश्व पर सवार हो हाथों में धर्म ध्वजा लेकर बैठे हुए थे। फूलों से सुसज्जित रथ में महाराजा अग्रसेन का चित्र रखा हुआ था।

चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ अग्रवाल महिला मंडल की महिलाएं ड्रेस कोड में शामिल था। बैंड की धुन पर अग्रसेन जी के जीवन चरित्र पर आधारित सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही थी। चल समारोह चौक बाजार, गणेश चौराहा, पुलिस थाने के सामने से होता हुआ शिवाजी चौराहे से पुरानी मंडी रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंचा जहां पर महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई इसके पश्चात अग्रसेन जयंती पर आयोजित हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन समाजजनों के सह भोज के साथ संपन्न हुआ।



# नवरात्रि के प्रथम दिन माता रानी के साथ निकाली प्रभातफेरी

**नलखेड़ा।** नगर में प्रतिदिन श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा निकाली जा रही प्रभातफेरी नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को शक्ति की भक्ति से सराबोर थी। प्रभातफेरी में एक बालिका माता रानी के वेष में शामिल थी। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा प्रारम्भ की गई प्रभातफेरी लगातार जारी है। मंडल द्वारा प्रभातफेरी में सभी त्यौहार भी मनाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में सोमवार को प्रभातफेरी शक्ति की भक्ति में सराबोर रही। सोमवार प्रातः 5.30 बजे प्रारम्भ हुई प्रभातफेरी में एक बालिका माता रानी का रूप धारण कर शामिल थी। वही प्रभातफेरी में शामिल भक्त माताजी के भजन गाते चल



रहे थे। नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रभातफेरी के परंपरागत मार्ग में बदलाव किया गया है। इस दौरान प्रभातफेरी प्रतिदिन मां बगलामुखी मंदिर भी जाएगी।

# आखिरकार पकड़ा गया रहवासी क्षेत्र में घूमता मगरमच्छ, नर्मदा में छोड़ा

**बुधनी।** लगभग दो महीने से रहवासी क्षेत्र में विचरण कर रहे मगरमच्छ को वन विभाग द्वारा पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान उसे रस्सियों ओर बांस के सहारे बांधकर रेस्क्यु टीम ने नर्मदा नदी में ले जाकर छोड़ा तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व नगर में बुधनी घाट स्थित वीआईपी कालोनी के पास खेत में मगरमच्छ को देखा गया था इसके बाद आसपास के लोगों में दहशत फैल गई थी लगातार दो महीने से मगरमच्छ कभी खेत में आराम फरमाते देखा गया तो कभी सड़क किनारे नाली में तैरता हुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी इस दौरान एक बार मगरमच्छ सड़क किनारे देखा गया वन विभाग



की टीम ने भी आसपास के लोगों को सतर्क रहने की बात कही थी।

कॉलोनी के आसपास उसकी मूवमेंट होने पर वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए थी। कई बार मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली इसके बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम लगातार मगरमच्छ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। शनिवार रात करीब साढ़े सात बजे कालोनी परिसर के अंदर मगर को देखा गया इसके बाद हड़कंप मच गया, जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिसमें एसडीओ सुकृति ओसवाल और फारेस्ट ऑफिसर राजित द्विवेदी के निर्देशन में रेस्क्यु टीम को मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रवाना किया गया। जिसमें मौके पर पहुंची टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से मगरमच्छ को काबू में किया मगरमच्छ की लंबाई क़रीब चार फिट बताई गई थी। रेस्क्यु टीम में शामिल वन विभाग कर्मचारी मोहन पटेल, राजेंद्र चौहान सहित अन्य कर्मचारीयों ने क़रीब चार फिट लम्बे मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर नर्मदा नदी में छोड़ा दिया इसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## नित्य नियम पूजन के साथ मंडल विधान पूजन में समाजजन लेंगे भाग

# समवशरण महामंडल विधान पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत श्री समवशरण महामंडल विधान पूजन व विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव का कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ हो गया। महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा मंडल विधान की महार्चना विधि विधान के साथ की जाएगी। रात्रि में आरती के साथ प्रभु भक्ति व धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भोपाल की टीम के साथ समाज की प्रतिभाओं द्वारा दी जाएगी।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ससंघ (6 पिच्छी) का चातुर्मास त्यागी भवन में चल रहा है। उनकी प्रेरणा व पावन निश्रा में आचार्य भगवंत विराग सागर महाराज के दिव्य आशीष व आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के आशीर्वाद से विराग विवर्धन चातुर्मास समिति तथा दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में 22 से 30 सितंबर तक होने वाली नौ दिवसीय श्री समवशरण महामंडल विधान की पूजन का कार्यक्रम




प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस सोमवार को प्रातः काल घट यात्रा जुलूस नगर में निकल गया। जुलूस में मुनि संघ के साथ लाभार्थी परिवार इंद्र इंद्राणी के रूप में वही समाजजन पूजन के वस्त्र में तथा महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल थे। प्रमुख मार्ग से जुलूस दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा। जहां से सभी समाजजन त्यागी भवन पहुंचे। जहां पर लाभार्थी कैलाशचंद राजेशकुमार जैन जैन इलेक्ट्रिक परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया, पात्र शुद्धि सहित अन्य कार्यक्रम भी किए गये।

मंडल विधान के तहत चौक बाजार स्थित त्यागी भवन में श्री समवशरण मंडल की भव्य व मनमोहक रचना की गई है। जहां पर श्रीजी परमात्मा को विराजित कर उनके समक्ष प्रतिदिन प्रातः काल से अभिषेक, शांति धारा, विधान महार्चना, नित नियम पूजन कार्यक्रम के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम महोत्सव के मुख्य पात्र के रूप में सौधर्म इंद्र- इंद्राणी मनीष कुमार प्रेमचंद गोधा परिवार, चक्रवर्ती इंद्र पवन कुमार प्रेमचंद पाड़यिा परिवार, कुबेर इंद्र नवीन कुमार सौभाग्यमल पाड़यिा परिवार, होंगे, वहीं ध्वजारोहण कैलाश चंद राजेश कुमार जैन सुसनेर वाले द्वारा किया गया। यज्ञ नायक इंद्र- इंद्राणी वैभव राखी जैन, ईशान इंद्र- इंद्राणी सुनील कुमार नेमीचंद पाड़यिा परिवार, महेंद्र इंद्र - इंद्राणी अभिषेक पूजा जैन द्वारा किए जाएंगे। सभी धार्मिक कार्यक्रम विधानाचार्य व प्रतिष्ठाचार्य पं. पवन जैन दीवान सागर द्वारा संपन्न करवाया जाएगा।


### सौधर्म इंद्र की आज्ञा से धन कुबेर समवशरण की रचना करते हैं

समवशरण महामंडल विधान को लेकर मुनि विवर्धन सागर ने बताया कि इस विधान में 14 पूजाएं हैं, जिनमें प्रथम समुच्चय पूजा है। द्वितीय पूजा में समवशरण में चारों दिशाओं में स्थित मानस्तंभों के जिन प्रतिमाओं की पूजा है। आगे की आठ पूजाओं में वहां स्थित आठ भूमियों से संबंधित जिन मंदिरों की पूजाएं है। 11वीं, 12वीं पूजा में अंतिम श्री मंडप भूमि के आगे स्थित प्रथम कटनी और द्वितीय कटनी की चारों दिशाओं में स्थित धर्म चक्र और महाध्वजाओं की पूजा है। 13 वीं पूजा में तृतीय कटनी पर स्थित गंध कुटी की पूजा है। अंतिम तीर्थंकर गुण पूजा में 112 अर्ध व 4 पूर्णार्ध है इसके पूर्व की पूजाओं में किसी में 96 व किसी में 24 अर्ध है। इस प्रकार इस विधान में कुल 760 अर्ध व 16 पूर्णार्ध है। मुनिश्री ने बताया कि समवशरण के नाम से प्रायः सभी भक्त श्रावक परिचित हैं। जब तीर्थंकर भगवान को केवल ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है तब सौधर्म इंद्र की आज्ञा से धन कुबेर अर्धनिमिष मात्र में समवशरण की रचना कर देता है। यह रचना पृथ्वी से 5000 धनुष (20000 हाथ) ऊपर आकाश में निर्मित होती है। जहां मनुष्य 20000 सीढ़ियों को पार कर पहुंचता है। एक सीढ़ी एक हाथ की होती है।

दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन का समाजजन ले रहे लाभ

# मनुष्य भव चिंतामणि रत्न के समान है : मुनि विवर्धन सागर

**नलखेड़ा।** मनुष्य भव ही ऐसा भव है, जिसमें हम तप, ध्यान साधना, आराधना कर हमारी आत्मा का कल्याण कर सकते हैं। देवता भी जिस भव के लिए लालायित रहते हैं ऐसा दुर्लभ यहा मानव भव है। यदि मनुष्य जीवन का सदुपयोग किया जा सके तो चिंतामणि रत्न की भांति इस जीवन में से अमूल्य वरदानों की श्रृंखला को प्राप्त किया जा सकता है। दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज द्वारा अपने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि अनादिकाल से लौकिक इच्छा के कारण संसार में भटक रहे हैं। जिन भावों को अनादिकाल से भा रहे हैं, इसी कारण संसार बढ़ा रहे हैं। जीवन में एक ऐसा मित्र बनाओ जो संसार से पार लगा दे। स्थिति करण करने वाले ही सच्चे मित्र होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी जीव अकेले ही जन्म लेते हैं, निश्चय की दृष्टि से आत्मा का जन्म - मरण नहीं होता है। वियोग पर्याय का होता है। आत्मा तो एकत्वमय है। मरण पर्याय का होता है। जो पर्याय में मरण होता है, वही दुखी होता है। अज्ञानी जीव इष्ट संयोग दुःखी होता है। जो पूर्व में किए गए कर्म ही भोक्ता है।



मुनिश्री ने कहाकि भगवान कभी भी कष्ट नहीं देते हैं। मनुष्य गति में ही तप , ध्यान हो सकता है। मनुष्य भव चिंतामणि रत्न के समान है। आत्मा शाश्वत है, शरीर शाश्वत नहीं है। एक आत्मा ही मेरी है जो साथ जावेगी। अपना शरीर, मकान, संबंधी कोई भी साथ नहीं जाएगा। जीवन में अनंत सुख की सोचो। थोड़ा मत सोचो कोई भी साथ नहीं देगा। उन्होंने कहा की आत्मा में राग द्वेष का पानी नहीं डलेगा तो वह हरा भरा नहीं हो शुष्क हो जायेगा। जो निर्मल हो गया वह भगवान बन गया। नित्य षट्कर्म अवश्य करना चाहिए। निश्चय नय से आत्मा शुद्ध है । राग में ही बंध होता है। जिसने सत को जान लिया उसने राग को छोड़ दिया। आत्म ज्ञान, दर्शन वाली है जिसने एकत्व भावना का चिंतन कर लिया वह अपनी आत्मा का कल्याण कर लेगा। एक शरीर में एक ही आत्मा होती है। आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती।

मुनिश्री ने कहा आत्मा एक दिन इस शरीर को छोड़कर चली जाएगी। अगर यह आत्मा रत्नत्रय से भूषित हो गई है तो एक दिन मोक्ष को प्राप्त कर लेगी। उन्होंने कहा कि दीपक स्वयं प्रकाशित होकर अपने माध्यम से सभी को प्रकाश प्राप्त करवाता है। इसी प्रकार ज्ञान सभी को जानता है, पर पदार्थों को भी जानता है। आत्मा में ज्ञान पाया जाता है। आत्मा ही ज्ञाता है एवं ज्ञान है। ज्ञान होने पर आज्ञा की निवृत्ति हो जाती है। जानकारी होने के बाद भी ज्ञान का उपयोग नहीं किया या करते हैं तो हानि होती है। परिवार में अगर बेटे या बेटी का संबंध करना है तो हम पूरी जानकारी लेते हैं। यह ज्ञान लौकिक कार्यो में लगाते हैं। अगर यहां ज्ञान धर्म कार्य में लगाएंगे तो सम्यक दर्शन प्राप्त हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सेवा पंडाल का संतों के सानिध्य में हुआ शुभारंभ




**देवास।** शारदीय नवरात्रि महापर्व पर मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा विगत 41 वर्षों से अनवरत चल रहे निःशुल्क सेवा पंडाल का शुभारंभ सोमवार को संत-महात्माओं व जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में हुआ। रपट मार्ग स्थित पंडाल में नवरात्रि में प्रतिदिन 24 घंटे श्रद्धालुओं को निशुल्क महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। संत महात्माओं, समाजसेवियों, सांसद, विधायक, महापौर, सभापति भाजपा जिला अध्यक्ष, शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगर निगम कमिश्नर, जिला वन मंडल अधिकारी, बैंक नोट प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कमांडेंट के आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। स्वामी रामनारायण, स्वामी पूर्णानंद, गोपाल दास, विधायक गायत्री राजे पवार, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, बीएनपी मुख्य महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा, महाप्रबंधक सुखपालसिंह राठौर, उप महाप्रबंधक अभिराजसिंह ठाकुर द्वारा मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की पूजा-अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया। समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया, कि नवरात्रि महापर्व के दौरान मां तुलजा भवानी एवं मां चामुंडा के दर्शनार्थ आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सेवा में रपट मार्ग के पास 24 घंटे निःशुल्क महाप्रसादी वितरित की जाएगी। इस अवसर पर भारत चौधरी, धर्मेंद्रसिंह बैस, देवेंद्र नवगोत्री, मां चामुंडा सेवा समिति के नारायण व्यास, ओमप्रकाश पटेल, नरेंद्र मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, उम्मेदसिंह राठौड़, इंदरसिंह गौड़, दिनेश सांवलिया, प्रदीप लाठी, शशिकांत गुप्ता, मांगीलाल तपासे, शिवनारायण पाठक, समिति की मातृशक्ति प्रेमलता चौहान, दुर्गा व्यास, मंजू जलोदिया, संगीता जोशी, कला तंवर, कला अग्रवाल आदि समिति सदस्य, समाजसेवी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### माता टेकरी पर 18 फीट की अखंड धूप अगरबत्ती हुई प्रज्जवलित

# शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्र शुरूः पहले दिन लगा भक्तों का तांता, फूलों से सजा मंदिर

### एसडीएम मालवीय के अनुसार माता टेकरी पर 75 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास









माँ शारदीय नवरात्रि महापर्व 22 सितम्बर से प्रारंभ हो गया है। नवरात्र के पहले ही दिन देवास की माता टेकरी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचे। माँ चामुंडा और तुलजा भवानी मंदिर में प्रातः घटस्थापना की गई। नवरात्र के पहले दिन माता टेकरी पर माता चामुंडा व तुलजा भवानी के दर्शन करने के लिए सुबह से कई माता भक्त पहुंचे। हर साल की तरह इस साल भी माता मंदिरों को फुलों से सजाया गया है। मंदिर में आकर्षक लाइटिंग की गई है, टेकरी मार्ग पर बेरिकेट्स लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई परेशानी न हो। एसडीएम आनंद मालवीय के अनुसार, माता टेकरी पर 75 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। पूरे क्षेत्र में पुलिस जवान तैनात हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धूप से बचाव हेतु परिक्रमा मार्ग पर कालीन बिछाई गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दो जगह मेडिकल टीम तैनात है। आपात स्थिति के लिए एक एम्बुलेंस भी मौजूद है।

संस्था देववासिनी ने विशेष शोभायात्रा निकाली। इस दौरान 18 फीट की विशेष अगरबत्ती माता टेकरी पर लगाई गई। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने परिवार के साथ माता की पूजा-अर्चना की। उल्लेखनीय है कि नवरात्र में माता चामुंडा व तुलजा भवानी के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से माता के भक्त देवास पहुंचते है। दिन में धूप के चलते पूरे परिक्रमा मार्ग पर कालीन बिछाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए प्रशासन ने रोपवे भी चालू कर दिया है, जिससे भक्त बिना किसी परेशानी के टेकरी तक पहुंच सकते हैं। नवरात्र में अधिकांश लोग नंगे पैर माता के दर्शन करने पहुंचते है ऐसे में भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। नवरात्रि पर्व की शुरुआत के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मां भगवती की घटस्थापना शुभ मुहूर्त में करने का दौर जारी रहा जो शाम तक चलता रहा। नवरात्र के दिनों में देवास जिले के साथ ही प्रदेशभर से लाखों की संख्या में भक्त दर्शन हेतु आते है।

#### शुभ मुर्हूत में हुई मां की घट स्थापना

नवरात्रि पर देवी प्रतिमा की स्थापना हुई। ढोल नगाड़े, गाजे-बाजे, आतिशबाजियों के साथ माता के जयकारों से नगर गूंज उठा। भक्तों ने शुभ मुहूत में पांडालों में देवी की प्रतिमाएं स्थापित की। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ मातारानी की प्रतिमा पाण्डाल में में विराजित की। नवरात्रि के दो दिनों पूर्व से शहर की सडक़ों से माता प्रतिमा धूम धड़ाके से पाण्डाल तक ले जाने का सिलसिला चल रहा है। पहले दिन माता मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ नजर आई। 9 दिनों तक चलने वाले पर्व को क्षेत्र भर में धूम धाम से मनाया जा रहा है। पाण्डालों में मातारानी की घट स्थापना के साथ गरबा, भजन-कीर्तन, नाटक, नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नवरात्रि के पहले दिन माताजी की टेकरी पहुंचकर सपत्लिक मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा की पूजा अर्चना की तथा मां तुलजा भवानी व मां चामुंडा से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने नवरात्रि पर टेकरी पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को माता टेकरी पर व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम आनंद मालवीय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### 18 फीट की अखंड धूप की प्रज्जवलित

मां तुलजा भवानी मां चामुंडा देवी के पावन नगरी देवास में टेकरी पर संस्था देववासिनी द्वारा शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन पर्व पर संस्था संरक्षक व सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी एवं संस्था अध्यक्ष दिलीप सिंह जाधव बाबा साहब के नेतृत्व में 18 फीट की अखंड धूप अगरबत्ती की मां चामुंडा देवी मंदिर प्रांगण में प्रज्वलित की गई। सिविल लाइन स्थित कार्यालय से 22 सितंबर सोमवार को 8 बजे शोभायात्रा के रूप में धूप अगरबत्ती को लेकर जाया गया तथा पूरे विधि विधान से इसे माताजी के द्वारे प्रज्वलित किया गई। यह धूप अगरबत्ती पूरे नवरात्रि की 9 दिन प्रज्वलित होती रहेगी।

## संस्था मां शारदा द्वारा नगर में निकलेगी चुनरी यात्रा

### नवरात्र की पंचमी तिथि पर होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन पर्व पर 27 सितंबर को एक भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धार्मिक आस्था के साथ समाज सुधार के कई संदेशों को प्रदर्शित कर यह चुनरी यात्रा निकाली जा रही है, जिसमें नशा मुक्ति, युवाओं को रोजगार से जोड़ना, महिलाओं को सशक्त बनाना जैसे कई संदेशों को लेकर यह चुनरी यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी। संस्था के सहयोगी संतोष वर्मा, चेनसिंह यादव, केदार यादव आदि सदस्यों ने सोमवार को एक पत्रकार वार्ता में बताया कि भौरासा में नवरात्रि पर्व के चलते पंचमी तिथि पर भव्य चुनरी यात्रा संस्था द्वारा निकाली जाएगी। यात्रा सुबह 9.30 बजे चौधरी धर्मशाला पर पूजन के साथ प्रारम्भ होगी जो नगर के मुख्य मार्ग से होकर हनुमान चौक, बस स्टैंड से होते हुए बाबा भंवरनाथ मंदिर से निकलकर शक्ति माता मंदिर पर पहुंचेगी। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाएं, युवतियां तथा पुरुष चुनरी को थामे पैदल चलेंगे। वहीं इस वर्ष यात्रा में आगे-आगे माता के नौ रुपों में सजी कन्याएं बघ्घी पर रहेगी जो रास्ते भर नगरवासियों को आशीर्वाद देते चलेगी। साथ ही अपील करेंगी कि समाज से नशाखोरी बंद हो। उक्त चुनरी यात्रा में नगर की खुशहाली, तरक्की, रोजगार एवं सुख शांति की कामना की मांग करते हुए निकाली जा रही है। इस यात्रा में डीजे, ढोल आदि मौजूद होंगे। परंतु शोर शराबा नहीं रहेगा। धार्मिक आस्था के साथ यह यात्रा आयोजित होगी। संस्था ने नगर व आसपास के क्षेत्र केलोगो से अपील की है कि वे यात्रा को सफल बनाएं तथा मां शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त करें। गौरतलब है कि संस्था मां शारदा भौरासा में सामाजिक, धार्मिक, पारिवारिक आयोजन लगातार करती रहती है, संस्था महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने खातिर सिलाई मशीन भी बांटती रही है। संस्था संयोजक एड्वोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी है जो इंदौर मे वकालत करते हैं तथा उनका काफी समय भौरासा में बिता है जिस लगाव के चलते उनकी संस्था लगातार धार्मिक आयोजन करवाती है।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जोशी की स्मृति में हुआ कन्या पूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 'सेवा पखवाड़ा अभियान' अंतर्गत सोमवार को देवास में दृष्टिहीन कन्या विद्यालय में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी व उनकी धर्मपत्नी स्व. तारादेवी जोशी की स्मृति में कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महेंद्र सोलंकी रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री दीपक जोशी,बलजीत सिंह सलूजा, अभिताभ तिवारी ,राजेंद्र मूंदड़ा, गंगा सिंह सोलंकी ,प्रवीण श्रीवास्तव, मनीष जैन,मनीष पनवार, जयवर्धन जोशी, कैलाश शर्मा, हेमंत सेन, दुर्गेश खिंची, शंभु अग्रवाल, विवेक, भूपेन भावसार, अखिलेश पवार, भीम दायमा, कार्यकर्ता एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### नवभारत साक्षरता परीक्षा बागली में संपन्न



**बागली।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नवसाक्षरों की परीक्षा बागली ब्लाक के कुल 12 संकुलों में भारी बारिश के बीच संकुल सहसमन्वयक साथियों के ब्लाक सहसमन्वयक के साथ मिलकर किये गये प्रयासों से निर्विघ्न संपन्न हुई। अक्षर साथियों के साथ नोडल अधिकारियों के आह्वान पर खेत - खलिहान का जरूरी काम छोड़कर तथा झमाझम बारिश के बीच नव साक्षर सभी केन्द्रों में उत्साह के साथ परीक्षा देने पहुंचे। ब्लाक में कुल 12219 (6979 महिला व 5240 पुरूष) नवसाक्षरों ने सहभागिता की। बीआरसी बाबू खान बनारसी, ब्लाक सहसमन्वयक सुभाष मालवीय, संकुल सहसमन्वयक वारिस अली, शीला राठौर,जवाहर पाटीदार,सकाराम डावर,महेश गुर्जर, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, ध्यान सिंह मुजाल्दे आदि का सराहनीय प्रयास रहा। सभी संकुल सहसमन्वयक द्वय बरसते पानी और उफनती नदियों के बीच वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में निर्धारित लक्ष्य को अर्जन करने के लिए प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक डटे रहे। परीक्षा संपन्न होने और जानकारी संकलित करते हुए शाम 7 बजे तक घर पहुंचे।कामठखेडा संकुल पर नवसाक्षरों का सुबह से ही उत्साह देखने लायक था तो पाडूतालाब और पिपरी संकुल में भीगते हुए भी लोग आए।

## तेज बारिश से कालीसिंध नदी आई उफ़ान पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विगत कई दिनों से क्षेत्र में तेज बारिश का दौर जारी है। सोमवार दोपहर बागली क्षेत्र में तेज बारिश के बाद क्षेत्र की बड़ी मौखाप्पाल्या की कालीसिंध नदी उफान पर आ गई, जिस कारण इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। मार्ग पर आवागमन बंद होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। इस दौरान नदी उफान होने के कारण दोनों ओर काफी संख्या में यात्री बसें सहित आम जन यात्री रुक रहे। तेज बारिश के चलते क्षेत्र के सभी नदी, नाले उफान पर आ गए। शुरुआती दौर में क्षेत्र में कम बारिश हुई थी, लेकिन विगत कुछ दिनों से रोजाना दिन में बारिश हो रही है। लगभग डेढ़ घंटे तक नदी उफान पर रही। पुल पर से पानी नीचे होने के बाद मार्ग पर आवागमन शुरू किया।

## उप जेल में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार उप जेल सोनकच्छ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा उपस्थित बंदियों को उनके अधिकार एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। साथ ही वाहनों के संबंध में ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का बीमा कराने, घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में कानूनी जानकारी दी। बंदियों से उनके परेशानियां विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और उनके प्रकरणों के बारे में भी चर्चा की एवं समस्याएं सुनी।प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने बंदियों से बातचीत कर जेल के अंदर बंदियों की स्थिति व रख रखाव के संबंधी जानकारी लेकर जेल स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जो बंदी अपने प्रकरण में स्वयं के व्यय पर अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते है, उसके लिए निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान है। जेल में बंदियों को दी जा रही सुविधाओं जैसे भोजन, चिकित्सा उनके स्वास्थ्य आदि के बारे में जानकारी ली। बंदियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए भी जेल स्टाफ को निर्देशित किया गया एवं जेल निरीक्षण भी किया गया। शिविर में एडीजे सोनकच्छ राघवेंद्र सिंह चौहान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव सहित जेल का स्टॉफ उपस्थित था।

### अभिभाषक संघ खातेगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र द्वारा अभिभाषक संघ खातेगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं को निःशुल्क विधिक सहायता एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्प लाइन 15100 के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एडीजे खातेगांव विवेक शिवहरे एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास रोहित श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश खातेगांव राधा ऊईके, व्यवहार न्यायाधीश खातेगांव तनिष्का वैष्णव सहित तहसील अभिभाषक संघ खातेगांव के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### शहर के तीन नौजवानों की मदद से भटका युवक अनीस पहुंचा अपने घर

# भटके हुए की मदद कर युवाओं ने दिया मानवता का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्टेशन पर विक्षिप्त अवस्था में घुम रहे युवक की मदद की शहर के तीन समाजसेवी युवाओं ने की, जिसके फलस्वरूप युवक अपने घर तक पहुंच पाया। शहर के तीन लोगों की मदद से मुंबई से गायब हुआ अनीस कुमार ठाकुर अपने परिजनों के साथ घर को लौट गया। दरअसल 22 वर्षीय युवक अनीस कुमार ठाकुर 19 सितंबर को भटकते हुए देवास रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया था। अनीस पर देवास शहर के तीन युवाओं हनीफ सदर, हाजी आजाद सदर और शोएब जागीरदार की नजर पड़ी। अनीस की हालत बंया कर रही थी कि वह कई दिनों से भूखा है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, वह जिस ट्रेन से उतरा उसमें बैठ नहीं पाया। उसके लिए देवास अंजान शहर था। उसकी इस हालत को देख देवास के तीन नौजवानों ने उससे बात कर उसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की। उनकी यह पहल सार्थक रही, अनीस के परिजनों ने देवास के युवाओं से संपर्क किया और बड़ी खुशी के साथ उनको धन्यवाद करते हुए कहा कि आप अनीस के रहने खाने की व्यवस्था कर दीजिए इसके लिए हम आपको पैसे भी ट्रांसफर कर देते है , लेकिन तीनों युवाओं ने मना कर दिया। आप बस आ जाइए हम सभी व्यवस्था कर देंगे। तीनों युवाओं ने अपने पैसों से अनीस के खाने पीने की व्यवस्था की। युवाओं ने इसकी सूचना लोकल और रेलवे पुलिस को दी। पुलिस ने भी उनका सहयोग किया और अनीस के रिश्तेदारों को ढूंढने में उनकी मदद की। 20 सितम्बर को अनीस के रिश्तेदार उसके भाई देवास रेलवे स्टेशन पहुंचे और खुशी के साथ उसे गले से लगा लिया। अनीस के भाई रजनीश ठाकुर, सुमित ठाकुर और चंदन ठाकुर ने शहर के तीनों युवा मददगारों का दिल से धन्यवाद किया। अनीस के भाई रजनीश ठाकुर ने बताया कि आज के समय में भले इंसान कम ही मिलते, जिन्होंने हिन्दू मुस्लिम भूलकर मेरे भाई की मदद की।दरअसल अनीस पिछले पांच छह महीनों से अपने घर दरभंगा बिहार से दूर मुंबई अपने दोस्तों के साथ नौकरी के लिए आया था। जहां अनीस के गलत संगत में पड़ जाने से ड्रग आदि का शिकार हो गया था। 17 सितम्बर को वह मुंबई से पवन एक्सप्रेस से इटारसी पहुंच गया जिस दौरान उसका मोबाइल चोरी हो गया था।इटारसी से अन्य ट्रेन में बैठकर देवास पहुंच गया था। शुरुआत में अनीस अपना नाम बताने में भी असमर्थ था। देवास के नौजवानों ने अनीस की अवस्था को समझ उसे आत्मविश्वास में लेकर जानकारी उसके परिजनों को दी, जिससे वह अपने घर पहुंच पाया। अनीस की मदद करने वाले हाजी आजाद ने बताया कि अनीस हमें शुक्रवार रात 11.30 बजे स्टेशन पर मिला था, हम उसकी हालत देख समझ गए कि वह थोड़ा मानसिक रूप से डिस्टर्ब हैं , हमने उसकी मदद की। हमें उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लगी। हमने सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी जानकारी उसके परिजनों तक पहुंचाई और अनीस को उसके परिजन मिल गए नहीं तो अनीस गलत हाथों में पड़ सकता था।रेलवे सुरक्षा बल में पदस्थ एएसआई हरिओम सरण ने बताया कि हमें अपने वरिष्ठों से सूचना मिली कि कोई युवा भागकर देवास स्टेशन पहुंचा है। उसे ढूंढने पर हनीफ भाई, आजाद भाई और शोएब जागीरदार ने मदद की। हमने उसे अच्छे से थाने पर रखा। उनके परिवार वाले लेने आए थे, उन्हें सुपुर्द कर दिया हैं।

## दादा गुरु के दर्शन के लिए पहुंचे लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार को नेवरी फाटे पर अवधुत सिद्ध महायोगी दादा गुरु के आशीर्वाद के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

भोपाल से करनावद की ओर जाते समय नेवरी फाटा क्रॉसिंग पर बागली विधायक मुरली भंवरा एवं संस्था श्री सनातन के नेतृत्व में पुष्प वर्षा कर श्री दादा गुरु का स्वागत किया गया। आपको बता दे की दादा गुरु अवधूत सिद्ध महायोगी की उपस्थिति में आज संस्था श्री सनातन के द्वारा तीन हजार वर्षों का रोपण एवं नक्षत्र वाटिका रोपण सोमवार को स्थान कर्णेश्वर गौ सेवा धाम करनावद में हुआ। आयोजित कार्यक्रम में जाते समय दादा गुरु का नेवरी फाटा क्रॉसिंग पर पाटीदार मोटर पंप के संचालक मंगल पाटीदार व कमल पाटीदार के द्वारा सभी संस्था सदस्यों का भी चाय नाश्ता करा कर स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को दवाओं का सुरक्षित उपयोग बताया

**ललितपुर ।** इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दवाओं के सुरक्षित उपयोग, दुष्प्रभावों की पहचान, प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की रिपोर्टिंग के प्रति जागरूक तथा फार्माकोविजिलेंस के महत्व के बारे में जानकारी देना था कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत पनारी में पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ० सौरव यादव, विभागाध्यक्ष डॉ विनोद यादव के संयुक्त प्रयास से किया गया। कॉलेज के फार्मेसी विभाग के अध्यापक तथा विद्यार्थियों ने मिलकर ग्राम वासियों को सरल भाषा एवं सहज शैली में दवाओं की सुरक्षा, उनके दुष्प्रभाव और फार्माकोविजिलेंस की उपयोगिता समझाई, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीण जनता को बताया गया कि किसी भी दवा का सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए तथा यदि दवा के सेवन के बाद कोई दुष्प्रभाव दिखाई देता है तो उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अवश्य सूचित करना चाहिए। इस अवसर पर ग्रामीणों को दवाओं के दुरुपयोग से बचने, जनसामान्य को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा दवाओं से संबंधित जानकारी साझा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया फार्मेसी के छात्र-छात्राओं द्वारा विशेष आकर्षण के रूप में नुक्कड़ नाटक का मंच किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने दावा की गलत उपयोग, झोलाछाप डॉक्टरों के दुष्प्रभाव, बिना पर्ची दवा खरीदने की समस्या, तथा सही उपचार की आवश्यकता जैसे मुद्दों को हास्य एवं व्यंग के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस नाटक ने ग्रामीणों को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें दवाइयां के सही उपयोग का महत्व समझ में आया। इस आयोजन में फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक असि प्रो पुष्पेंद्र गौतम, असि प्रो सरस्वती कुर्मी, असि प्रो करन, असि प्रो अरविंद अहिरवार, असि प्रो नितेश विश्वकर्म, असि प्रो अश्विनी प्रजापति, असि प्रो सुरभि झा, असि प्रो मानसी यादव, असि प्रो नेहा अहिरवार आदि रहे।

### कर्नाटका व फिरोजपुर-हुजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस में चोरी

**ललितपुर।** दिल्ली के शाहदरा अंतर्गत विवेक बिहार के बी-111, सेकेण्ड फ्लोर झिलमिल कालोनी निवासी राजीव कुमार पुत्र हरिसिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 अगस्त को वह ट्रेन संख्या 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस के कोच सं. बी-3 के बर्थ नं. 49 पर न्यू दिल्ली से कोपर गांव की यात्रा अपने परिवार के साथ कर रहा था। यात्रा के दौरान सभी लोग अपनी-अपनी सीट पर सो गये। बताया कि उसने अपना मोबाइल फोन चार्जिंग प्वाइंट पर लगाया और सो गया। जब उसकी नींद खुली तो उसका मोबाइल गायब था। बताया कि 18 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने राजीव कुमार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं हरियाणा राज्य के जिला फतेहाबाद अंतर्गत ता.टोहाना के मकान नं. 83 बोस्ती निवासी नवीन कुमार पुत्र भगवान ने जीआरपी पुलिस को बताया कि वह ट्रेन संख्या 14622 फिरोजपुर-हुजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस के कोच सं. ए-1 की बर्थ सं. 6 पर रेलवे स्टेशन से यात्रा कर रहा था। बताया कि ट्रेन झांसी से रवाना होने के बाद उसे पता चला कि बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली है। उसने बताया कि उसका एक सैमसंग कम्पनी का मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपये थी और उसके कवर में 1500 रुपये नकद और वन प्लस का मोबाइल फोन जिसकी कीमत भी करीब 15 हजार रुपये थी, जिसके कवर में भी 1500 रुपये नकद थे। बताया कि उसकी पत्नी के पर्स से किसी अज्ञात चोर ने उक्त दोनों मोबाइल फोन व कुल 33 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### व्यापारी शिवम राठौर को न्याय दिए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

# 153 लोगों पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए : व्यापार मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

व्यापारी शिवम राठौर के प्रकरण में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाये जाने एवं लक्ष्मीनारायण राठौर द्वारा आत्महत्या करने के उपरांत उत्पन्न हुए जन आक्रोश की घटना में पुलिस द्वारा गंभीर धराओं में दर्ज किये गये मुकद्दमें को समाप्त कराये जाने की मांग करते हुये व्यापार मण्डल ने जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी व प्रदेश चेयरमेन महेन्द्र जैन मयूर के संयुक्त नेतृत्व में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुये डीएम-एसपी को सौंपा।



ज्ञापन में बताया कि बजाज फाइनेन्स कम्पनी में करोड़ों रूपये के फ्रॉड, धोखाधड़ी के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा अनेकों लोगों के विरूद्व कार्यवाही की गई और उन्हें जेल भेजा गया। आरोप है कि अभी विगत 3-4 दिवस पूर्व कोतवाली पुलिस ललितपुर द्वारा कोतवाली के वगल में मुहर बनाने वाले व्यापारी शिवम राठौर पुत्र लक्ष्मीनारायण राठौर को फर्जी मुहरें बनाये जाने के मामले में अभियुक्त बनाकर जेल भेजा गया था, जिससे क्षुब्ध होकर शिवम के पिता लक्ष्मीनारायण राठौर द्वारा टीकमगढ़ के एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी और अपने साथ आत्महत्या के पूर्व एक सुसाइड नोट लिखकर ललितपुर पुलिस के विरूद्व अनेक गम्भीर आरोप लगाये थे। बताया कि शिवम राठौर के पिता लक्ष्मीनारायण की आत्महत्या के उपरांत अंतिम संस्कार के दौरान नगर के इलाइट चैराहे तक आक्रोशित परिजनों, आमजन एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जाम लगाकर घटना की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराये जाने एवं जेल में बन्द शिवम को मुखाग्नि के लिये जेल से बाहर लाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया एवं जिला प्रशासन द्वारा उपरोक्त मांगों को स्वीकार कर जाम खुलवाने का सकारात्मक प्रयास किया गया और मौके पर जाम खुल गया एवं मृतक का अंतिम संस्कार हो गया।

#### प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करना दमनकारी नीति

व्यापारियों ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने के लिये आप नागरिक, राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन को देश के संविधान ने अधिकार दिया है। किन्तु उपरोक्त घटना में जिस प्रकार से पुलिस प्रशासन द्वारा जाम व प्रदर्शन करने वालो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है, यह दमनकारी नीति है। जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से शिवम राठौर प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये और उसको न्याय दिलाया जाये एवं ईलाइट चैराहे पर किये गये प्रदर्शन के संबंध में लिखाये गये मुकदमों को समाप्त कराये जाने की मांग उठाते हुये अन्यथा की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान प्रदेश चेयरमैन महेन्द्र जैन मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, महेश जैन, अनिल जैन, एड.अभय जैन, अशोक अनौरा, पंकज बिरधा, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, सराफा एसोशियेशन अध्यक्ष मज्जू सोनी, राहुल मोदी, अनिल अंचल, राजीव सुडेले, संजीव कप्तान, पार्षद आलोक मयूर, निखलेश राजपूत, रोहित शिवजी, शुभांकर सुडेले, निमेष जैन पोचू, शुभम जैन पिंटू, अविरल जैन टीवीएस, देशराज पटेल, अनुज जैन, अजय साहू, नीतेष राठौर, अंकित सतभैया जिलाध्यक्ष आईटी सेल, रामप्रकाश साहू, जयनारायण, राजीव पटवारी, निर्मल नामदेव, मुकेश परिवार, अशोक राठौर, अशोक, मनीष जैन, इशांत राठौर, उदयभान सिंह यादव, सुनील कामरा, सुमत जैन, संजय जैन, विनोद जैन, अमित विष्वारी, अरविन्द, भूपेन्द्र सिंह राठौर, भगवत राठौर, राजीव जैन, उदित जैन, वासु जैन, रिक्की पटना, अरविन्द बरौदा, प्रसन्न कुमार आदि सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

### शव रखकर प्रदर्शन का मामला

# भाजपा, कांग्रेस, सपा नेता समेत 150 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

रविवार को इलाइट चौराहा पर शव रखकर हुये प्रदर्शन के मामले में पुलिस की सख्त कार्यवाही सामने आयी है। पुलिस ने पचास से अधिक नामजद और एक सैकड़ा अज्ञात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। हालांकि इस एफआईआर में मृतक के परिजनों का नाम न होने का भी दावा किया जा रहा है, जबकि प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे तमाम विपक्षी दलों के नेता, व्यापारियों और आम लोगों के नाम एफआईआर में दर्ज कराये गये हैं। अब पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। नवीन गल्ला मण्डी चौकी इंचार्ज उ.नि.अरूण कुमार सिंह ने बताया कि टीकमगढ़ में 20 सितम्बर को फांसी लगाने वाले मोहल्ला रामनगर निवासी लक्ष्मीनारायण राठौर के परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। तभी इलाइट चौराहा पर करीब डेढ़ सौ लोगों ने एकत्र होकर शव रखकर जाम लगा दिया, जिससे लोगों को परेशानियां हुयीं और वाहनों की लम्बी-लम्बी कतारें लग गयीं। तब उन्होंने कोतवाली प्रभारी समेत कंट्रोल रूम के जरिए आलाधिकारियों को अवगत कराया।

#### आधा दर्जन थानों का पुलिस फोर्स रहा तैनात

जाम लगने के बाद जैसे ही सूचना पुलिस महकमे तक पहुंची तो कोतवाली पुलिस, मण्डी चौकी पुलिस, थाना जखौरा, थाना पाली, थाना महरौनी, थाना जाखलौन व पुलिस लाइन का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस कर्मियों ने मृतक के परिजनों को काफी समझाया, लेकिन वह नहीं मानें और जाम लगाने वालों में मौजूद लोगों ने शव नहीं उठाने दिया और परिजनों को लगातार बरगलाते रहे, जिससे मौके पर मौजूद लोगों को उकसाकर षडयंत्र के तहत नारेबाजी करना शुरू कर दिया।

#### सोशल मीडिया पर भी खूब चला घटनाक्रम

इलाइट चौराहा पर जाम लगने से लेकर समाप्ति तक सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्मों का उपयोग किया गया। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया के फेसबुक, व्हाट्सऐप के माध्यम से सुनियोजित तरीके से अनैतिक दबाव बनाने के लिए भीड़ एकत्र कर लोक मार्ग को अवैध तरीके से बाधित किया गया और विवाद करना शुरू कर दिया गया, जिनके भय से महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों में अफरा-तफरी मच गयी।

#### *साढ़े चार घंटे तक जाम लगाने का आरोप*

*पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने सुबह 9.30 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जाम लगाये रखा, जिससे कि आम जनमानस के जीवन, स्वास्थ्य के साथ खिलबाड़ किया गया और कार्य सरकार में बाधा डालते हुये लोक सेवक द्वारा दिये गये विधिपूर्वक आदेशों का उल्लंघन किया गया।*

#### *ये लोग नामजद*


*एफआईआर में सपा जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह यादव, सपा नगराध्यक्ष अभी जैन खजुरिया, सपा नेता नरेन्द्र सिंह राजपूत, पूर्व पार्षद रोहित राठौर, सपा नेता गौरव विश्वकर्मा, कांग्रेस के पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, भाजपा नगराध्यक्ष भगतसिंह राठौर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रितिक शुक्ला उर्फ मोन्टी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, पूर्व पार्षद मुस्तफा, राघवेन्द्र सिंह सिमिरिया, रामू कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, धीरज कुशवाहा, महेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, अमित राठौर पुत्र हरीराम, ओम पुत्र भजन, अजीत पुत्र निर्धन, रूपकुमार, छुट्टन पुत्र फूलचंद्र रजक, सौरभ पुत्र सुखदास, संतोष कुशवाहा पुत्र जुजु, राम रजक पुत्र नन्दलाल, अमरदीप राठौर पुत्र खुमान, संजय राठौर पुत्र रामचरन, विनय राठौर पुत्र रामचरन, अनुराग साहू पुत्र राजू साहू, फूलचंद्र, विजय राठौर, नीतेश राठौर, हरदयाल राठौर, फूलचंद्र, करन राठौर, आनन्द राठौर, पृथ्वी पुत्र राकेश, धर्मेंद्र रजक, भूपेन्द्र पुत्र रज्जन, नितिन पुत्र दिनेश, गोल्डी पुत्र कुलदीप, सुन्दर राठौर, राजा पुत्र सूरज, लखन कुशवाहा, अरविन्द राठौर, हरी रजक पुत्र वृन्दावन, दिनेश राठौर चाट वाला, हरप्रसाद कुशवाहा, रमेश्वर कुशवाहा पहलवान, आशू कुशवाहा, रामस्वरूप राठौर, अंकित राठौर, धर्मेंद्र राठौर पुत्र स्व.चन्दन, कन्छेदी राठौर के अलावा 100 अन्य अज्ञात लोगों के नाम दर्ज किये गये हैं।*

#### *फोटो-वीडियो से जानकारी जुटा रही पुलिस*

*पुलिस के अनुसार 53 नामजद के साथ 100 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी है। प्रकरण में सभी नामजद लोगों की शिनाख्त पुलिस कर्मियों द्वारा बनायी गयी वीडियोज और सोशल मीडिया सेल पर जारी तमाम वीडियोज व फुटेज के आधार पर की जा रही है। उप निरीक्षक अरूण कुमार की तहरीर पर 53 नामजद व 100 अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 189 (2), 132, 285 व आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 1932 की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है।*

### गोलालारीय समाज का क्षमावाणी कार्यक्रम संपन्न

## भजन-मेंहदी विजेता प्रतियोगी पुरस्कृत







**ललितपुर।** दिगम्बर जैन गोलालारीय समाज का क्षमावाणी संस्था कार्यालय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता दिनेश मिठया जखौरा वालों ने की। मुख्य अतिथि जैन पंचायत से डा.अक्षय टडैया ने भगवान 1008 श्री आदिनाथजी के चित्र का अनावरण कर किया।

चित्र सम्मुख दीप प्रज्जवलन नौहरकलां परिवार के अलावा आलोक जैन द्वारा किया गया। महिला शक्ति द्वारा भजन प्रतियोगिता व मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है, जिसमें माही, शिंपी तथा शिल्पी ने मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। भजन प्रतियोगिता में आरोषि, जयश्री व महिमा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भागलेने वाले सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार गणमान्य समाज श्रेष्ठियों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्राणी मात्र से क्षमा की कामना की। संस्था की महिला इकाई का गठन किया गया, जिसमें नम्रता जैन अध्यक्ष, जयश्री जैन महामंत्री, साधना जैन उपाध्यक्ष व पुष्पा जैन सहमंत्री को सहमति निर्वाचित घोषित किया गया है। समिति संयोजक सनत जैन, शिक्षामंत्री द्वय प्रफुल्ल कुमार व संदीप जैन, महेन्द्र सिंघई पूर्व पार्षद, पत्रकार अनन्त सर्राफ, राहुल कलरैया, सुनील गुन्देरा, शैलेष जैन पिंटू एवं अंकित जैन एडवोकेट, संदेश जैन एड., जिनेन्द्र डिस्को, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, बडामंदिर प्रबंधकद्वय आनन्द भागनगर, अजित सिंघई, संरक्षक भूपेन्द्र जैन, प्रकाशचन्द्र जैन एड., काशीराम बिलउवा, रविन्द्र मोदी, अजय साईकिल, डा.सुनील जमादार, डा.अनिल जैन, डा.प्रतीक जैन, डा.अंकित जैन, डा.संतोष जैन, दिलीप जैन, जिनेन्द्र बिरधा, संजय पवैया, कुलदीप नौहरकलां, अनिल बचत सेवा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। अंत में संस्था अध्यक्ष मुन्नालाल जैन एड.ने सभी का आभार जताया। संचालन संस्था महामंत्री राकेश जैन डब्लू ने किया गया है।

### महाराजा अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डाला

## महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई गई



**ललितपुर।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती बड़े धूमधाम से मनायी गयी। जयन्ती पर अग्रसेन पार्क में महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण, पूजन व आरती की गयी। तदोपरांत हलवा मिष्ठान वितरित किया गया। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन समाजवाद के प्रवर्तक थे। उन्होंने अपने राज्य में एक ईट व एक स्वर्ण मुद्रा का सिद्धांत चलाया था। उनके राज्य में आने वाले को प्रत्येक नागरिक एक ईट व एक स्वर्ण मुद्रा देता था, जिससे वह अपना घर बना सके, धन से व्यापार कर सके। हमें उनके आदर्शों को जीवन में उतार कर आगे बढना होगा। इस दौरान नगर पालिका से अग्रसेन पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग की गई। इस दौरान डा.आर.के. अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल स्टेशन, रामशरण अग्रवाल, हरप्रकाश अग्रवाल, लखनलाल अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल एड., स्वदेश अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल स्टेशन, राजू अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, रिदिम अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एड., गोविंद अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, रचित अग्रवाल, वैभव लखोटिया, उदय अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, अंजना अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, राशि अग्रवाल, प्रियंका लखोटिया, सोनाली अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल उपस्थित रहे।

### त्योहारों के दृष्टिगत सतर्क रहने के दिए निर्देश

## एसपी ने गश्त कर देखी की सुरक्षा व्यवस्था



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बीती देर रात कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें एसपी ने कोतवाली परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कोतवाली कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव करने और मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण कर प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को देने हेतु निर्देशित किया। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन कोतवाली क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। एसपी ने कोतवाली क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## योजना व पोषण अभियान की जानकारी देंगे


### मिशन शक्ति के अंतर्गत पोषण पंचायत तहसील तालबेहट में 24 को



**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने अवगत कराया है कि अर्चना पटेल, सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में तालबेहट तहसील में मिशन शक्ति के अन्तर्गत निर्धारित पोषण पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हाल ही में शक्ति पर्व शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के 5वे चरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ से किया है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद में तहसील स्तर पर उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्याओं के नेतृत्व में पोषण पंचायत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिले की तहसील तालबेहट में भी 24 सितम्बर को 11 बजे से पोषण पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मा0 राज्य महिला आयोग की सदस्या अर्चना पटेल द्वारा की जाएगी। उक्त पोषण पचायत में कुपोषित महिलाओं, बच्चों के लिय पुष्टाहार विभाग द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजना एवं पोषण अभियान के अन्तर्गत चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं लाभ दिलाया जाएगा, साथ ही उपस्थित समुदाय में पोषण अभियान से सम्बंधित जागरूकता सामग्री/साहित्य का वितरण एवं कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शन भी किया जाएगा। इसके अलावा मोटापा की समस्या का समाधान-चीनी, नमक एवं तेल के उपमांग में कमी, वोकल फॉर लोकल, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा और शिक्षा पोषण भी पढ़ाई भी, कन्वर्जेन्स एवं डिजिटलीकरण, शिशु एवं बाल आहार प्रथाए, पुरूष सहभागिता, महिलाओं, किशोरियों और बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करते हुये जागरुकता अभियान, कार्यशालायें और आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

### बीए प्रथम सेमेस्टर की तृतीय मेरिट सूची जारी

## छात्र-छात्राएं 25 सितंबर तक ले सकते हैं प्रवेश : प्राचार्य



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रवेश समिति की आवश्यक बैठक प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश शासन तथा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार बी.ए प्रथम सेमेस्टर की सभी वर्ग की सूची जारी की गई। प्राचार्य ने बताया कि बी.ए. प्रथम वर्ष में सामान्य वर्ग में 65 प्रतिशत तक, अन्य पिछड़ा वर्ग के 64.20 प्रतिशत तक के छात्र-छात्राएं मेरिट सूची में आए हैं तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 56.20 प्रतिशत तक छात्र छात्राओं के नाम मैरिट सूची में आए हैं। बताया कि जिन छात्र/छात्राओं के नाम मेरिट सूची में आये हैं वह 23 से 25 सितम्बर तक महाविद्यालय में सुबह 10 से 03 बजे तक प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों तथा छाया प्रतियों सहित स्वयं उपस्थित होकर जिस मोबाइल में ईमेल संचालित हो उसको साथ में लेकर प्रवेश संपन्न करायें। उन्होंने बताया कि प्रवेश की अंतिम तिथि 25 सितंबर निर्धारित की गई है। 25 सितंबर के पश्चात किसी भी हालत में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। इस दौरान प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशधर द्विवेदी, डा.दीपक पाठक, डा.ओ.पी.चैधरी, कविता पैजवार, डा.अमित सोनी, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.राजेश तिवारी, डा.जगबीर सिंह, डा.पराग अग्रवाल, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, आदि उपस्थित रहे।

### जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

# स्वच्छता ही सेवा पर्व में होगी घाटों व नदी तटों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली ने परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगाए डीडीसी युग मिशन के पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन 2 चरणों में 31 अक्टूबर तक कराया जायेगा क एन.एम.सी.जी के निर्देशानुसार प्रथम चरण में स्वच्छता ही सेवा (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर ) और द्वितीय चरण में विशेष अभियान (2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर आयोजित कराया जाना है ' यह अभियान घाटों और नदी तटो के पास स्वच्छता अभियान चलाने पर केंद्रित होगा, जिसका लक्ष्य जिले से लगभग 100 स्कूलों /कॉलेजों की सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करना है ' जनपद में पुनरोद्धार हेतु चयनित मडावरा ब्लाक में बंडई नदी की कार्ययोजना तैयार करने हेतु सभी कार्यदायी विभागों को स्थलीय निरिक्षण करने के निर्देश दिए गए ' नमामि गंगे कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता गतिविधियों को नियमित रूप से कराए जाने के लिए जनपद में गठित 18 गंगा ग्राम समितियों के प्रधानो एवं सचिवों की बैठक कराए जाने के सम्बन्ध निर्देश जारी किये गए ' बैठक में बताया गया कि परमार्थ सेवा संस्थान के सहयोग से तालबेहट में मानसरोवर तालाब किनारे व्यापक सफाई अभियान चलाया जायेगा ' बुंदेलखंड सेवा संस्थान के सहयोग से ब्लाक मडावरा में नदियों के पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण हेतु जन चौपाल का आयोजन अक्टूबर माह में किया जाये



#### जिला प्रशासन से अनुरोध

बाबाललितपुर में नदी नालों और तालाबों के अपने मूल रूप में लाने के लिए भी प्रयास किए जाने चाहिए नदियों के पुनः निर्माण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में जो जल स्त्रोत अब सिकुड़ते जा रहे हैं उनका भी प्रशासनिक स्तर से मॉनिटरिंग की जाना चाहिए जिस स्टोन पर हो रहे हैं अतिक्रमण अवैध कब्जे और उनके स्वरूप को परिवर्तन करने का जो व्यवसायीकरण हो रहा है उसे पर जिला प्रशासन को तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप करते हुए रोक लगानी चाहिए राजस्व विभाग को ग्रामीण क्षेत्र में और स्थानीय क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को लेखपाल राजस्व निरीक्षक संबंधित ग्रामीण क्षेत्र में लगे स्टाफ को इसकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दी जानी चाहिए जिससे नदी डालो और तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण स्वरूप को बदलने की नीति बन रही है उसे पर रोक लगाई जा सके। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अजय सचान, पंचायती राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम संजीव मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश, बेसिक शिक्षा अधिकारी रनवीर सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जल संस्थान संदीप, डॉ राजेश भारती, अनिल शर्मा, खुशबू खान, उमेश झा, राजी व कुमार, बासुदेव सिंह, सिद्धगोपाल सिंह, अजय जैन, परियोजना अधिकारी गंगा समिति केतन दुबे उपस्थित रहे।

## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले - मोबीलिटी यूरिनल से लेकर पानी की रहेगी उचित व्यवस्था

# आम जनता के लिए सुविधाओं से युक्त होगा नया दशहरा मैदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

पुराने दशहरा मैदान पर रहवासी बस्ती होने के कारणों को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नए मैदान को दशहरा के लिए तैयार कर लिया है। जिसमें हर तरह की सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। जहां से मीट-मटन की दुकानों को हटाकर जहां अजनार के दूसरी ओर शिफ्ट किया गया है और मैदान पर दशहरा पर्व पर आने वालों के लिए पानी के टेंकर से लेकर चलित यूरीनल की व्यवस्था का आश्वासन नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा दिया गया है। जिससे दशहरा पर्व पर आने वाले नगरवासियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं नगरपालिका सीएमओ इकरार अहमद की देखरेख में मैदान का समतलीकरण और अन्य व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है जिसमें कई काम पूर्ण कर लिए गए है और अन्य काम जल्दी ही पूरे कर लिए जावेगें।

### हटाई गई मीट-मटन की दुकानें

जहां पर दशहरा मैदान तैयार किया गया है वहां पर पूर्व में कई मीट-मटन की दुकानें संचालित की जा रहीं थी वहां पर सीएमओं और पुलिस प्रशासन ने जाकर अतिक्रमाण हटाने व अपनी दुकानों को नदी के दूसरी और शिफ्ट करने की बात कहीं जिसे दुकानदारों ने सहर्ष मान लिया व अपनी दुकानों को अजनार नदी के दूसरी ओर ले लाकर दशहरा मैदान को नानबेज से मुक्त किया।

### नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि बोले - सभी सुविधाओं से युक्त होगा नया दशहरा मैदान

इस बारे में जब नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हमने सभी जरूरी और आवश्यक चीजों को ध्यान में रखते हुए आम जनता का ध्यान रखा जाएगा। नए दशहरा मैदान पर पीने के पानी के टैंकर से लेकर मोबीलिटी वाले यूरिनल लगाए जाएंगे। जिससे वहां मैदान पर उपस्थित लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### नगरवासियों ने किया नए मैदान निर्णय का स्वागत

नगरवासियों ने नए मैदान के चयन पर नपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा है कि यह मैदान कई दृष्टि से उपयुक्त एवं सही है। यहां पर आनेजाने वालों के लिए कई सुलभ रास्ते है जिससे शहर में जाम की स्थिती से मुक्ति मिलेगी और अजनार के किनारें होने के कारण यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से भी अच्छा माना जा रहा है नगरपालिका के इस निर्णय का शहरवासियों ने स्वागत किया है।

# 21 अक्टूबर को प्रदेश सहित देश में 'बहुरानी दिवस' मनाने सौंपा ज्ञापन

## लाल चुनर संगठन 4 वर्षों से करता आ रहा है आयोजन



**राजगढ़।** अपने परिवार को एकसूत्र में पिरोकर रखने वाली मातृ-शक्तियों के सम्मान में कुछ वर्षों पहले लाल चुनर गैंग द्वारा 21 अक्टूबर को 'बहुरानी' दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। लेकिन यह आयोजन फिलहाल राजगढ़ व आसपास के कुछ जिलों तक ही सीमित है। ऐसे में बहुरानी दिवस संपूर्ण प्रदेश एवं देश में मनाए जाने की मांग को लेकर नगर की अनेकों महिलाओं द्वारा रविवार को राष्ट्रपति के नाम एसडीएम निधि भारद्धाज को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख है कि जब एक बेटी अपने घर, परिवार, मित्रों को छोड़कर विवाह उपरान्त नए घर में प्रवेश करती है तो बहु कहलाती है। बहु बनते ही उसके साथ अपने ससुराल की पूरी जिम्मेदारियां जुड़ जाती हैं। पति, मां, बहु हर रूप में वो पूरे परिवार को एकसूत्र में पिरोने की चाह रखते हुए कर्तव्यों को निभाने में पीछे नहीं हटती। ज्ञापन में आगे उल्लेख है कि चार वर्षों पहले लाल चूनर के स्थापना दिवस 1 अक्टूबर से परिवार की रीड़ की हड्डी कहे जाने वाली बहुओं के सम्मान में बहुरानी दिवस की शुरूआत की गई है। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से मांग की गई है कि आपके माध्यम से पूरे प्रदेश एवं देश में 1 अक्टूबर बहुरानी दिवस के रूप में मनाने का संदेश पहुंच सके।

**ज्ञापन के पूर्व निकाली रैली:** कार्यक्रम की आयोजक एवं समाजसेवी मोना सुस्तानी के नेतृत्व में सौंपे गए उक्त ज्ञापन के पूर्व अनेकों मात-शक्तियों द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से होकर एक रैली निकाली गई। इस रैली का स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक व अन्य संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि से स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**सारंगपुर।** सर्व पितृ अमावस्या के पावन अवसर पर सारंगपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध कपलेश्वर तीर्थ धाम पर स्थित कालीसिंह नदी पर सुबह 4 बजे से ही भक्तों की अपार भीड़ देखी गई( भक्तों ने कृष्ण सिंधु में डुबकी लगाकर भगवान कपलेश्वर नवग्रह, शनिदेव, हनुमान जी एवं गौ माता के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। वहीं कृष्ण सिंधु काली सिंध में पंडे पुजारी ने भी स्नान कर नवरात्रि पर्व की तैयारी के लिए शुद्धिकरण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस धाम पर पहुंचे पुलिस प्रशासन की और से भी सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए थे। कपिलेश्वर तीर्थ पर भक्तों का विहंगम दृश्य हर किसी का मन हो रहा था।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ



**चाचौड़ा।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का आगाज रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रथम दिवस के अंतर्गत शासकीय कन्या स्नातक महाविद्यालय, चाचौड़ा-बीनागंज परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन अवसर पर मंचासीन अतिथियों में मंडल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रदुमन मीना, एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष रश्मि कल्लू शर्मा, प्रभारी प्राचार्य रानी शाक्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नाटानी, श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, विधायक प्रतिनिधि नंदू सैनी, मंडल महामंत्री गौरव चौकसे सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता सौभाग्यमल पालीवाल, राजेश खंडेलवाल, आशा बागवानी और प्रियांशु राजावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, क्रीड़ा प्रभारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उनमें प्रतिस्पर्धा और अनुशासन की भावना विकसित करना तथा स्वस्थ और ऊर्जावान समाज का निर्माण करना है। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## वक्ताओं ने नशामुक्ति, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर दिया जोर

# नई उमंग, नई तरंग थीम पर यूथ समिट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



ब्रहाकुमारीज संस्था के तत्वावधान में रविवार को शिव-वरदान भवन में नशामुक्ति एवं स्वदेशी अपनाने के लिए सेवा पखवाड़े के तहत नई उमंग, नई तरंग थीम पर युवा समिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर प्रभुस्मृति से की गई। इस अवसर पर रोहित ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ही उज्ज्वल भारत के भविष्य हैं। आपमें में से ही किसी को स्वामी विवेकानंद बनना है, आपमें से ही किसी को अब्दुल कलाम बनना है और आपमें से ही किसी को राजनेता बनना है। हम सबके अंदर असीम ऊर्जा है, सिर्फ उसे भूले हुए है, हमें खुद को सशक्त बनाकर स्वर्णिम भारत, विकसित भारत बनाने में लगना है।

कार्यक्रम में बालिकाओं ने नशामुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर प्रेजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथियों ने भी अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। डॉ अभिनव विजयवर्गीय ने बताया कि नशे की लत मुख्यतः दोस्तों के दबाव, परिवार के किसी सदस्य द्वारा नशे का सेवन, अधिक तनाव होना आदि आदि कारणों से लगती है। इसके लिए आध्यात्म से जुड़ना, सही साथियों का चयन आवश्यक है। उन्होंने सभी युवाओं को ब्रह्माकुमारी आश्रम आने के लिया प्रोत्साहित किया।

### अपनी ऊर्जा राष्ट्रनिर्माण के लिए भी लगाएं

दीपक मोची ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे भी नशे का सेवन करते थे परंतु आश्रम आकर राजयोग के अभ्यास एवं प्रतिदिन सत्संग से वे नशे से बाहर आ गए। ब्रह्माकुमारी मधु दीदी ने सभी युवाओं को अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण की ओर लगाने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में माउंट आबू राजस्थान से आए ब्रह्माकुमार रोहित भाई, डॉक्टर अभिनव विजयवर्गीय, अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी राजगढ़ के प्रभारी अरुण सतालकर, बॉयज हॉस्टल के प्रभारी एवं शिक्षक मुकेश पिपलोटिया, पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर दीपक मोची, राजगढ़ जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी मधु दीदी आदि अतिथिगण मौजूद रहे।

# गौमाता न्याय यात्रा के संबंध में कम्प्यूटर बाबा पहुंचे राजगढ़

### 14 अक्टूबर को गायों को लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचने का किया आगृह

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गौमाता न्याय यात्रा के तहत कम्प्यूटर बाबा के नाम से प्रसिद्ध संत नामदेव दास त्यागी रविवार को राजगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गौमाता की स्थिति न केवल राजगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश में दयनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अक्टूबर को हम प्रदेश भर के गौसेवक मुख्यमंत्री निवास के सम्मुख पहुंचेंगे और गौवंश को बचाने आंदोलन किया जाएगा।

आगे उन्होंने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में कुत्तों से बद्तर हाल में गौ-माताएं सड़कों पर लावारिस हालत में घूम रही हैं। वर्तमान स्थिति में कुत्ते तो सड़क से लोगों के घरों में पहुंच गए लेकिन हमारी गौमाता घरों के आंगन से सड़क पर पहुंच गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को चाहिए कि वे गौवंश की चिंता करें। जब देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों गौमाता की रक्षा की बात करते हैं तो फिर प्रदेश में गौमाताएं सड़कों पर क्यों तड़प-तड़पकर दम तोड़ रही हैं। गौमाता को न्याय दिलाने के लिए राजमाता दर्जा दिया जाए और प्रदेश में गौ-अभ्यारण्य बनाया जाए। मोहन सरकार को भले ही गायों की जरूरत नहीं है लेकिन गौवंश को जरूर डॉ. मोहन यादव की जरूरत है।

**चुनरी यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में की गई चर्चा**

# 28 को नगर में निकलेगी 1111 मीटर की मां जालपा की भव्य चुनरी यात्रा

## विश्व हिंदू परिषद, हिंदू चेतना मंच व नगर के सकल हिंदू समाज की बैठक संपन्न



**ब्यावरा।** राजगढ़ नगर में चुनरी यात्रा के लिए विश्व हिंदू परिषद हिंदू चेतना मंच द्वारा राजगढ़ नगर सकल हिंदू समाज की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संत कैलाश गिरी महाराज एवं बम बम महाराज के साथ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र जोशी काका मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री मयंक जायसवाल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली 1111 मी चुनरी यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया।

यात्रा में डीजे ढोल गरबा पार्टी शामिल रहेंगे। राजमहल मंदिर तक कारपेट बिछाया जाएगा ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा की जाएगी। यात्रा समाप्ति के पश्चात जालपा मंदिर से बिरसा मुंडा चैराहा तक वापस आने के लिए वाहन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष चुनरी यात्रा का आमंत्रण मां जालपा मंदिर में अभिमंत्रित अक्षत वितरण कर दिया जाएगा एवं पिछले 15 वर्षों से यात्रा में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे व्यक्ति एवं संगठनों का 28 सितंबर सुबह प्रातः 10 बजे यात्रा प्रारंभ होने से पहले सम्मान किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सनातनी बंधुओ से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर संघ के जिला सह संघ चालक संदीप सोनी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पीयूष दुबे मोना सुस्तानी जाट समाज के अध्यक्ष दारा सिंह मुखिया समाज के अध्यक्ष कृष्ण पाल गुर्जर समाज के अध्यक्ष कैलाश गुर्जर भानु ठाकुर, जिला प्रचार प्रसाद प्रमुख लखन गुर्जर गौ सेवक नयन विजय वर्गी मार्तंड सोलंकी कुलदीप सिंघी आनंद शर्मा विहिप नगर अध्यक्ष विशाल करोसिया, प्रखंड मंत्री संतोष राणा, जिला सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा, जिला धर्म प्रचार प्रमुख संतोष कटारे, जालपा गौशाला प्रमुख चेतराम गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर कपिलेश्वर धाम पर हुआ सामूहिक तर्पण

**सारंगपुर।** नगर के कपिलेश्वर तीर्थ धाम, कृष्णसिंधु (कालीसिंध) के तट पर ब्राह्मण समाज की और से पितृ पर्व की अंतिम बेला पर पितरों से आशीष प्राप्त करने एवं उनकी प्रसन्नता के लिए। वेद मंत्रों के माध्यम से तीर्थ धाम पर पितृगणों का स्मरण कर सामूहिक रूप से श्रद्धापूर्वक तर्पण, श्राद्ध और पिण्डदान अर्पित कराया। शास्त्रों में वर्णित है कि "पितृदेवो भव"कृ अर्थात पितृदेवता भी देवताओं के समान पूजनीय हैं। उनकी प्रसन्नता से ही वंश की वृद्धि, समृद्धि और जीवन में सुख-शांति का संचार होता है। अपने पूर्वजों से आशीष प्राप्त करने एवं पारिवारिक सुख,आध्यात्मिक सुख, शांति, वंशवृद्धि, समृद्धि के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयुक्त समय सर्व पितृ अमावस्या का होता है इस दौरान मुख्य आचार्य पं पवन पारीक, पं भूपेंद्र जोशी,पं बालकृष्ण शर्मा दीपक शर्मा ने। सामूहिक तर्पणकर्म पूर्ण कराया श्रद्धालुजनो ने भाव से पवित्र कृष्णासिंधु के तट पर पारिवारिक कल्याण आर्थिक, आध्यात्मिक सुख, समृद्धि, शांति और वंशवृद्धि की प्राप्ति हेतु पूजन किया ओर पंडितों से आशीर्वाद लिया।

**पितृों की स्मृति में लिया पौधरोपण का संकल्प**

## सर्व पितृमोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध-तर्पण



**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा द्वारा पितृपक्ष में विगत 15 दिनों से चल रहे निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम का सर्वपितृमोक्ष अमावस्या पर तर्पण व पिण्डदान के साथ पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आहुतियों के साथ समापन हुआ। पितृपक्ष में नगर के सभी वर्ग समुदाय के लोग उपस्थित हुए जिसमें पुरूष वर्ग के साथ महिलाओं के द्वारा भी अपने पितृों को तर्पण किया। साथ ही पितृों की स्मृति में व्यसन मुक्त भारत के अतंर्गत दुर्व्यसन छोडने व वृक्षारोपण का संकल्प लिया। इससे पितर प्रसन्न होकर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पितृमोक्ष अमावस्या पर आज पितरों को तर्पण और श्रद्धा के साथ विदाई दी। इस अवसर पर गायत्री परिवार के तेजकरण साहू, प्रवीण नामदेव, परिव्राजक प्रिंस आर्य, महेशचन्द्र जयपुरिया, किशोर जानोरिया, राजेन्द्र सोनी, दिनेश मेवाडे, दीपक सोनी, दीपक बैराठी, बीएल गुप्ता, राजेश मण्डलोई, गजानंद गोयल, जितेन्द्र गुजराती, विजय साहू, रोशन मैथिल, कुलदीप पंवार, संदीप मेवाडे, राजेन्द्र शर्मा, हिमांशु खस, राकेश चैधरी, भवानीशंकर भट्ट, हरीश सक्सेना, डॉ. ओपी सोनी, देवेन्द्र यादव, श्रीकृष्ण बंसल, भारत सिंह कारपेंटर, श्याम सुन्दर गुप्ता, पीयूष पांचाल, प्रमोद साहू, किशन मेवाड़े उपस्थित रहे।

**खेल हमारी अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं**

# कबड्डी खेलकर किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में रविवार को राजगढ़ लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार और सांसद रोडमल नागर ने कबड्डी का मैत्री मैच खेलकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों की मौजूदगी में पूरे परिसर में उत्साह और जोश का वातावरण रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बल्कि मानसिक और शारीरिक विकास का सर्वोत्तम साधन भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में खेलों को नई पहचान और बढ़ावा मिला है। 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसी योजनाओं ने युवाओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज भारतीय खिलाड़ी विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

**खेल न केवल शारीरिक रूप से हमें स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं:** सांसद रोडमल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ाने और खेलों के प्रति रुचि जगाने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से हमें स्वस्थ रखते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। सांसद ने यह भी बताया कि इस महोत्सव के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन सहित कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें क्षेत्र के हजारों खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें रजिस्ट्रेशन की दिनांक अब 2 अक्टूबर तक कर दी गई है।

**उपस्थित खिलाड़ियों का तालियों की गड़गड़ाहट से किया स्वागत:** इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री अमित शर्मा, भारतीय जनता अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के.पी. पंवार, आदित्य शर्मा और मितेश व्यास,(लोकसभा सांसद खेल महोत्सव समन्वयक),भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसवंत गुर्जर, मानसिंह राजपूत गोपाल बादशाह, राधे दांगी गिरिराज लववंशी, सुमित सोलंकी जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला खेल अधिकारी शर्मिला डाबर सहित नागरिक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सर्व पितरों के मोक्ष के लिए नेवज तट पर किया गया सामूहिक तर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

16 दिन अनवरत चले पितरों, पुर्वजों की ध्यान, पूजा, उपासना के श्राद्ध पक्ष का रविवार को पितृमोक्ष अमावस्या के साथ ही समापन हो गया। श्राद्धपक्ष के अंतिम दिवस राजगढ़ नगर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों सहित अन्य द्वारा द्वारा स्थानीय नेवज नदी के शिवघाट पर सामूहिक तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पं. दीपक जोशी के मंत्रोच्चार के बीच लोगों ने न केवल अपने बल्कि सभी के पितरों के मोक्ष एवं आत्मशांति हेतु तर्पण की क्रियाएं कीं। इस तर्पण में नगर के सर्व समाज के लोग सम्मिलित हुए। नदी का जल पितरों को अर्पित किया गया। इसके साथ ही देशभर में शहीद हुए सैनिकों के भी मोक्ष प्राप्ति के लिए तर्पण किया गया। नागरिकों द्वारा सर्व पितरों से परिवार, क्षेत्र, जिले व देश में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि नगर के लोगों द्वारा हर साल नेवज नदी पर सामूहिक तर्पण क्रिया संपन्न करवाई जाती है।

**कार्यालय विपणन एवं प्रक्रिया सह. समिति मर्या. कालापीपल**
**जिला शाजापुर (म.प्र.) फोन नं. 9926093741**
E-mail id: marketingsosity.kpp@gmail.com
पंजी क्र. 05/21.01.1961
क्रमांक : आमसभा/2025-26/Q दिनांक: 15/09/2025

**16 वी वार्षिक साधारण सभा की सुचना**

संस्था के समस्त सदस्य / प्रत्यायुक्त / प्रतिनिधीयों को सुचित किया जाता है कि प्रतिवषार्नुसार संस्था की 16 वी वार्षिक साधारण सभा दिनांक. 30/09/2025 वार मंगलवार को संस्था मुख्यालय पर समय 11:00 बजे से आयोजित कि गई हैं। सभा की सुचना कार्यसुची सहित डाक द्वारा समस्त माननीय सदस्यो को भेजी जा चुकी है। यदि सुचना किसी सदस्य या समिति को प्राप्त न हो सकी हो तो कृपया इस प्रकाशन सूचना को अधिकृत आमंत्रण मानते हुऐ सम्मेलन मे भाग लेने के लिए अवगत कराने हेतु निवेदित है।

नोट :-
1. निधारित समय व स्थान पर गणपूर्ति के अभाव में आधे घंटे पश्चात उपस्थित सदस्य महानुभावों कि उपस्थिति मे सभा की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जायेगी ।

संस्था प्रबंधक
विपणन एवं प्रक्रिया सह. समिति मर्या.
कालापीपल जिला शाजापुर (म.प्र.)

अध्यक्ष
विपणन एवं प्रक्रिया सह. समिति मर्या.
कालापीपल जिला शाजापुर (म.प्र.)